ओडिशा समाचार

कलिंग समाचार | राउरकेला, शुक्रवार 15 मार्च 2024 | पृष्ठ-6

आरएसपी के एफएमएम कर्मीसमूह द्वारा इन-हाउस क्रॉलर क्रेन सफलतापूर्वक पुनर्निर्मित

राउरकेला १४/०३ (संवाददाता): राउरकेला इस्पात संयंत्र ;आरएसपी के एफएमएम विभाग के रूप में जाने जाने वाले फील्ड मशीनरी ;रखरखाव के कर्मचारियों ने क्रॉलर क्रेन कॉल संयास.891 की मरमत करके एक बार फिर अपने कौशल और विशेषज्ञता का प्रदर्शन किया है। पुनर्निर्मित क्रेन का उद्घाटन ब्लास्ट फर्नेस स्लैग डंपिंग यार्ड में कार्यपालक निदेशक ;वर्क्सर श्री एसण्आर सूर्यवंशी द्वारा मु य महा प्रबंधक ;आयरन श्री विश्वरंजन पलाईए मु यर महा प्रबंधक ;एसएमएस-1 श्री पिनाकी चौधरी, मु यक महा प्रबंधक ;डिजाईन एवं शॉप्स श्री रवि रंजनए मु या महा प्रबंधक ;सेवाएँ श्री एमएनवीएस प्रभाकरए मु य महा प्रबंधक ;एसएमएस-2 श्री टीण्पी शिवशंकर और एफएमएम और ब्लास्ट फर्नेस विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी की उपस्थिति में किया गया। उल्लेखनीय है किए क्रेन को वर्ष 1993 में चालू किया गया थाए और इसका उपयोग ब्लास्ट फर्नेसए एसएमएस-1 और एसएमएस-2 विभागों द्वारा स्लैग हैंडलिंग के लिए किया जा रहा था। क्रेन कई यांत्रिक और विद्युत समस्याओं के कारण खराब हो गई थी और उपकरण की पुरानी प्रकृति के कारण मर मत के लिए कलपुर्जे उपलब्ध नहीं था और मूल निर्माता ने पहले ही लंबे समय से कलपुर्जे का उत्पादन बंद कर दिया था।

अत: इसे घरेलु तौर पर पुन:निर्मित किया गया. इस प्रक्रिया में किए गए प्रमुख कार्यों में नई स्टीयरिंग प्रणाली की फिटिंग, ईंधन प्रणाली, वायु प्रणाली और ब्रेक प्रणाली की मरमत, रेडिएटर और शीतलन प्रणाली में संशोधन और विद्युत तारों और विद्युत प्रणाली का पूर्ण प्रतिस्थापन शामिल है। यह कार्य एफएमएम और परिवहन के महाप्रबंधक प्रभारी श्री अवकाश मल्लिक के नेतृत्व में एफएम एम विभाग की टीम द्वारा किया गया। गौरतलब है किए यह क्रेन डंपिंग यार्ड संचालन के लिए बेहद मददगार होगी। चूंकि एक नई क्रेन की लागत कंपनी को लगभग 5 करोड़ रुपये आतीए लेकिन फुर्तीले टीम के उद्यमशील प्रयासों से कंपनी को पर्याप्त बचत हासिल करने में मदद मिली है।

बीजद में शामिल हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय महापात्र के बेटे अरविंद महापात्र

भुवनेश्वर १४/०३ (संवाददाता): ओडिशा की राजनीति में एक और बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम देखने को मिला। भाजपा एवं बीजद के बीच गठबंधन को लेकर चल रही अटकलों के बीच भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय महापात्र के बेटे अरविंद महापात्र बीजू जनता दल में शामिल हो गए।

अरविंद ने भुवनेश्वर नवीन निवास में पार्टी सुप्रीमो नवीन पटनायक से मुलाकात कर बीजद की सदस्यता ग्रहण की।

बीजद में शामिल होने के बाद अरविंद महापात्र ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि मैं 2019 से पाटकुरा के लोगों की सेवा कर रहा हूं। मुझे लगा कि मुझे एक ऐसे मंच की जरूरत हैए जहां से मैं क्षेत्र के विकास में योगदान दे सकूं। मैंने पाटकुरा के मतदाताओं से चर्चा की थी और यह फैसला लेने से पहले अपने पिता का आशीर्वाद लिया है।उन्होंने कहा कि मैं मु यमंत्री नवीन पटनायक को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने मुझे बीजद के साथ लोगों की सेवा करने का अवसर दिया। मुझे उ मीद है कि पाटकुरा के विकास को एक पायदान ऊपर ले जाऊंगा।

यहां यह उल्लेख करना उचित है कि केंद्रपाड़ा में पाटकुरा विधानसभा क्षेत्र उनके पिता विजय महापात्र का राजनीतिक गृह क्षेत्र है। विजय महापात्र को ओडिशा की राजनीति में दिग्गज नेता माना जाता है। वह बीजू जनता दल ;बीजदद्ध के संस्थापक सदस्यों में से एक हैं और दिवंगत सीएम बीजू पटनायक के काफी करीबी रह चुके है।बीजू पटनायक के समय में वह इतने शक्तिशाली थे कि उन्हें सुपर मु यमंत्री कहा जाने लगा था। हालांकि बीजू पटनायक के बाद बीजद में उनकी साख गिर गई। 2000 में विजय महापात्र को चुनाव लड़ने से रोक दिया गया।उन्हें पाटकुरा से टिकट नहीं दिया गया। 2004 में ओडिशा गण परिषद के उ मीदवार के रूप में विजय महापात्र ने पाटकुरा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा मगर वह अतनु सब्यसाची से हार गए। इसके बाद लगातार तीन चुनाव 2009, 2014, 2019 में उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

चलती बुलेट में फंसकर कट गया था मासूम का हाथ, कुत्ता लेकर भागा और फिर...

भुवनेश्वर १४/०३ (संवाददाता): ओडिशा में एक ऐसा हादसा हुआए जिसके बारे में जानकार आप भी हैरान रह जाएंगे। दरअसलए यहां चलती बाइक में फंसकर एक मासूम बच्ची का हाथ कट गया। इसके बाद उस हाथ को एक कुत्ता लेकर भाग गया। हैरान करने वाला यह अजीबो.गरीब मामला कालाहांडी जिले का है। जानकारी के अनुसारए चलती बुलेट गाड़ी में फंसकर एक नाबालिग बच्ची का हाथ आ जाने से कटकर अलग हो गया था।

इसके बाद सड़क पर गिरे कटे हुए हाथ को तभी एक कुत्ता लेकर भाग गया। हालांकिए गनीमत रही कि हाथ लेकर भाग रहे कुत्ते को स्थानीय लोगों ने देख लिया।

इसके बाद दौड़ाकर कुत्ते से बच्ची का हाथ छुड़वाकर पीड़िता के परिवार को वापस लौटाया। यह घटना ओडिशा के कालाहांडी जिले के केसिंगा थाना क्षेत्र के एनएच 26 के समीप मौजूद एक पेट्रोल पंप के सामने हुई।घायल नाबालिग बच्ची का नाम अंजलि साहू है। उसे पहले स्थानीय अस्पताल ले जाया गयाए जहां से बुर्ला मेडिकल अस्पताल के लिए स्थानांतरित कर दिया गया है। जयपाटणा थाना अंतर्गत मंगलपुर गांव निवासी अंजलि साहू अपने माता.पिता के साथ केसिंगा प्रखंड के बालसी गांव में रहने वाले अपने एक रिश्तेदार के घर विवाह उत्सव में भाग लेने गई थी। गुरुवार को सभी बुलेट गाड़ी से घर लौट रहे थे। अंजलि ने अपना दुपट्टा हाथ में पकड़ रखा था। लापरवाही के कारण दुपट्टा चक्के के नीचे आ गया। इस दौरान दुपट्टा खींचने के क्रम में अंजलि का हाथ चक्के की चपेट में आ गया और दाहिना हाथ कटकर अलग हो गया। इसी दौरान वहां एक लावारिस कुत्ता घूम रहा था और वह कटे हुए हाथ को लेकर भाग गया। स्थानीय लोगों ने जब ये देखा तो कुत्ते को दौड़ाया और हाथ लाकर अंजलि के परिवार को दिया। इसके बाद अंजलि के परिवारवाले उसे तुरंत पहले भावनीपाटना मु य अस्पताल ले गएए जहां से डाक्टरों ने बुर्ला मेडिकल अस्पताल के लिए स्थानांतरित कर दिया है।

बरातियों से भरी पिकअप वैन के पलटने से 3 लोगों की मौत

राउरकेला १४/०३ (संवाददाता): झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले के गोईलकेरा थाना अंतर्गत वन पोसैता गांव से राउरकेला के लाठीकटा थाना अंतर्गत ओरषाट जा रहे बारातियों का एक पिकअप वैन मुंडाजोर के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इसमें पिकअप के नीचे दबने से तीन लोगों की मौत हो गई और 10 से अधिक लोग ज मी हो गए। सभी को इलाज के लिए राउरकेला सरकारी अस्पताल लाया गया है। शवों को राउरकेला सरकारी अस्पताल में रखा गया है। घटना रात 10 बजे के आसपास की बताई जा रही है। मरने वाले की पहचान वन पौसैता निवासी धर्म दास, बिसरा गोप और शैलेन सरदार के रूप में हुई है।वहींए दुर्घटना में घायल हुए लोगों में सुखदेव भूमिज रमेश गौड़, घनश्याम पानसिंह, राफे टोपनो, रविंद्र सरदार, जयवन टूटी का इलाज राउरकेला सरकारी अस्पताल में चल रहा है। वहीं दिनेश सरदार का इलाज बुर्ला अस्पताल और प्रीतिलाल हेब्रम व कृष्ण सरदार का इलाज राउरकेला के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। हादसे के संबंध में बताया जा रहा है कि झारखंड के वन पोसैता से पांच पिकअप वैन से बाराती राउरकेला के लाठीकटा थाना अंतर्गत अटाघाट गांव एक विवाह में आ रहे थे। पांच में से चार वैन विवाह कार्यक्रम में पहुंच गई थींए लेकिन एक वैन लाठीकटा के मुंडा जोर में पलट गई। वैन पलट जाने से इसके नीचे दबकर तीन लोगों की मौत हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से सभी को आरजीएच लाया गया। इस घटना से विवाह समारोह की खुशियां मातम में बदल गईं। लाठीकटा पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है।

दो विचाराधीन कैदी टिटिलागढ़ जेल की दीवार फांदकर फरार, हत्या के आरोप में दो साल से जेल में थे बंद

संबलपुर १४/०३ (संवाददाता): पश्चिम ओडिशा के बलांगीर जिला के टिटिलागढ़ स्थित उपकारा की दीवार फांदकर दो विचाराधीन कैदियों के फरार हो जाने की घटना के बाद हड़कंप सा मचा हुआ है। उपकारा में लचर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़ा किया जा रहा है। उधरए इस घटना के बाद जेल और पुलिसकर्मी दोनों फरार कैदियों की तलाश में विभिन्न स्थानों में उनकी तलाश कर रहे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसारए दोनों फरार विचाराधीन कैदी हत्या के आरोपी हैं और पिछले दो वर्षों से जेल में बंद थे। बलांगीर जिला सिंधेकेला थाना इलाके के तांत्रिक शोभावन रणा को तंत्र साधना के लिए दो बच्चों की बलि देने के आरोप में पुलिस ने गिर तार किया थाए जबकि सुमित बिहारी को केसिंगा अस्पताल परिसर में एक बच्चे को कुंए में ढकेलकर मारने के आरोप में गिर तार किया गया था।टिटिलागढ़ जेलर चैतन्य प्रधान के अनुसारए शनिवार की रात करीब आठ बजे शोभावन और सुमित जेल की दीवार फांदकर फरार हो गए। इसका पता चलने के बाद थाना में उनके फरार हो जाने का रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

ऐसा बताया गया है कि जेल से मुक्ति पाने की खातिर आरोपित तांत्रिक शोभावन खुद को पागल होने का नाटक रचते हुए कटक मेडिकल हॉस्पिटल में भी भर्ती हुआ थाए लेकिन अदालत से उसे राहत नहीं मिली थी। ऐसे दुर्दांत हत्यारोपियों को जेलर प्रधान ने जेल के कंप्यूटर का काम देखने के लिए लगा रखा था।

आरोपित तांत्रिक शोभावन निरक्षर हैए ऐसे में उसे कंप्यूटर का काम सौंपे जाने को लेकर जेलर की भूमिका संदेह के घेरे में है। इस बारे में पूछे जाने पर जेलर प्रधान ने अपनी सफाई में बताया है कि शोभावन को कंप्यूटर का अद्भुत ज्ञान थाए जिसकी वजह से उसे कंप्यूटर का काम सौंपा गया था।

आरएसपी की यूनियन-११और मैनेजमेंट-११ के बीच यूनिटी क्रिकेट मैच-2024 खेला गया

राउरकेला १४/०३ (संवाददाता): राउरकेला इस्पात संयंत्र ;आरएसपी के एचआर इतिहास में दोस्तीए सौहार्द और सामंजस्य का एक नया अध्याय जोड़ा गया जब इंडो-जर्मन मैदान में यूनियन-११ और प्रबंधन-११ के बीच पहले बार यूनिटी क्रिकेट मैच-2024 खेला गया.प्रबंधन-११ में शामिल आरएसपी के वरिष्ठ अधिकारियों का नेतृत्व निदेशक प्रभारी ;आरएसपी सह बोकारो स्टील प्लांट का अतिरिक्त प्रभारद्धए श्री अतनु भौमिक द्वारा किया गयाए जबकि यूनियन-११ का नेतृत्वए मान्यता प्राप्त यूनियनए राउरकेला श्रमिक संघ के महासचिव श्री पी के बेहरा ने किया। कार्यपालक निदेशक ;वर्क्स श्री एस आर सूर्यवंशी, कार्यपालक निदेशक ;सामग्री प्रबंधन श्री सोमनाथ त्रिपाठी, कार्यपालक निदेशक ;चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा डॉ बी के होता, कार्यपालक निदेशक ;कार्मिक एवं प्रशासन सह अतिरिक्त प्रभार परियोजना श्री तरूण मिश्राए कार्यपालक निदेशक ;खान श्री आलोक वर्माए कार्यपालक निदेशक ;वित्त एवं लेखा श्री ए के बेहुरिया और अन्य वरिष्ठ अधिकारी प्रबंधन-११ की ओर से खेले। प्रमुख ट्रेड यूनियनों जैसे राउरकेला श्रमिक संघ ;आरएसएस गंगपुर मजदूर मंच ;जीएमएम राउरकेला इस्पात कारखाना कर्मचारी संघ ;आरआईकेकेएस राउरकेला मजदूर संघ ;आरएमएस स्टील कर्मचारी ट्रेड यूनियन ;एसईटीयू और राउरकेला स्टील मजदूर यूनियन ;आरएसएमयू के प्रतिनिधि यूनियंस-११ के पक्ष में खेला। टॉस जीतकर यूनियन.ग्प् ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और मैनेजमेंट. ग्प् ने निर्धारित 10 ओवर में 6 विकेट पर 74 रन बनाया। श्री अतानु भौमिक जिन्होंने 9 गेंदों में 10 रन बनायेए टीम के शीर्ष स्कोरर के रूप में उभरे। ट्रेड यूनियन. ग्प् ने 5.4 ओवर में 3विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया और वे विजयी घोषित किये गए। ;आरआईकेकेएस के महासचिव और यूनियन-११ के उप.कप्तान श्री हिमांशु बल को 10 रन बनाने और 2 कैच लेने के लिए मैन ऑफद मैच चुना गया। दोनों टीमों और सभी खिलाड़ियों को ट्राफियाँ प्रदान की गईं। महाप्रबंधक ;कार्मिक. ओडी श्री एस बडपांडाए प्रबंधन-११ टीम के प्रबंधक थे, जबकि महाप्रबंधक ;कार्मिक डॉ पी के साहूए टीम यूनियन्स-११ के प्रबंधक थे। एक बहु.संभीय औद्योगिक वातावरण मेंए विभिन्न संघों का एक साथ आकर खेलनाए संयंत्र की प्रगति के लिए काम करने की दिशा में सौहार्द, प्रतिबद्धता और टीम भावना को दर्शाता है। सहयोगात्मक प्रयास ने न केवल मनोबल बढ़ाया है और संचार में सुधार लाया है बल्कि एकजुटता को बरक़रार रखने में भी सहयोग किया है जो अंतत: आरएसपी कर्मीसमूह के लिए बड़ी सफलता को लाने में सक्षम होगी।

MCL महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कम्पनी)
जागृति विहार, बुर्ला - 768 020, जिला - संभलपुर, ओडिशा
दूरभाष (हेल्पलाइन) 0663-2542601 से 489, वेबसाइट : http://www.mahanadicoal.in

सूचना

सामानों, कार्यों एवं सेवाओं के क्रय हेतु सीआईएल एवं इसकी सहायक कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/संबंधित सहायक कंपनी (एमसीएल, www.mahanadicoal.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी ये क्रय उपलब्ध हैं।

R-5198

Created with Print2PDF. To remove this line, buy a license at: http://www.software602.com/